प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 अक्तूबर 2024

**ललित कला (फ़ाइन आर्ट) छात्रों के लिए आरबीआई@90 कला प्रतियोगिता**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी स्थापना के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारत में ललित कला छात्रों के लिए एक कला प्रतियोगिता आयोजित की। देश के 71 कॉलेजों के 71 पूर्व-स्नातक ललित कला छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

अगस्त और सितंबर 2024 माह के दौरान प्राप्त भारतीय रिज़र्व बैंक से संबंधित विषयों पर केंद्रित पात्र कलाकृतियों को 22 अक्तूबर 2024 को रिज़र्व बैंक द्वारा अपने नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदर्शित और मूल्यांकित किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के 25 राज्यों से भाग लेने वाले कॉलेजों/ संस्थानों के छात्र और संकाय सदस्य शामिल हुए। भारतीय कला शैलियों से प्रेरित कलाकृतियों ने देश के ललित कला संस्थानों में पूर्व-स्नातक छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

कला जगत के निर्णायकों के एक पैनल ने कलाकृतियों का मूल्यांकन किया। प्राप्त प्रस्तुतियों में से 15 कलाकृतियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में भारतीय कला के उद्भव, कला पर सोशल मीडिया के प्रभाव, डिजिटल उपकरणों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन के साथ पारंपरिक चित्रकला शैलियों का भविष्य, वैश्वीकरण का प्रभाव, कला मेला, बीएनेल(द्विवार्षिक) आदि पर एक पैनल चर्चा भी शामिल थी।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1369**